# Comprehensive Assessment Feedback for Class X

# Pre-Board Exam 2024 Morning Shift

# Social Science

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">खंड-क (बहुविकल्पीय प्रश्न)</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>नीचे दिए गए आंकडों का अध्ययन कीजिए एवं बताइए कि किस देश में आय का सबसे असमान वितरण है।
<table>
<tr><td></td><td>नागरिक 1</td><td>नागरिक 2</td><td>नागरिक 3</td></tr>
<tr><td>देश 1</td><td>3000</td><td>3000</td><td>4000</td></tr>
<tr><td>देश 2</td><td>4000</td><td>4000</td><td>4000</td></tr>
<tr><td>देश 3</td><td>500</td><td>70000</td><td>5000</td></tr>
<tr><td>देश 4</td><td>2400</td><td>2800</td><td>2600</td></tr>
</table>
A. देश 1<br>B. देश 2<br>C. देश 3<br>D. देश 4</td><td>इस प्रश्न में विद्यार्थियों से औसत आय की गणना की जानकारी का अपेक्षा की गई है। यदि विद्यार्थी C के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करता हैं तो उसे औसत आय की सही संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कब लागू किया गया?<br>A. 2001<br>B. 2004<br>C. 2005<br>D. 2010</td><td>इस प्रश्न में विद्यार्थियों से महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लागू होने के वर्ष की जानकारी की अपेक्षा की गई है। यदि विद्यार्थी C के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करता हैं तो उसे महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लागू होने के सही वर्ष संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>वह क्षेत्रक जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करके वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, कहलाता है–<br>A. तृतीयक क्षेत्रक<br>B. प्राथमिक क्षेत्रक<br>C. द्वितीयक क्षेत्रक<br>D. सेवा क्षेत्रक</td><td>A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें तृतीयक क्षेत्रक व प्राथमिक क्षेत्रक की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यह सही विकल्प है।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | अभिप्राय है कि उन्हें द्वितीयक क्षेत्रक व प्राथमिक क्षेत्रक की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें सेवा क्षेत्रक व प्राथमिक क्षेत्रक की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 4. | स्वंय सहायता समूह में बचत एवं ऋण से संबंधित निर्णय लिए जाते हैं–<br>A. बैंक द्वारा<br>B. स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा<br>C. गैर सरकारी संस्था द्वारा<br>D. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा | A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें स्वंय सहायता समूह में बचत एवं ऋण से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यह सही विकल्प है।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें स्वंय सहायता समूह में बचत एवं ऋण से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें स्वंय सहायता समूह में बचत एवं ऋण से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 5. | निम्नलिखित में से किसके द्वारा मानव विकास रिपोर्ट तैयार की जाती है-<br>A. यूनडीपी<br>B. यूनेस्को<br>C. यूनएससी<br>D. डबल्यूएचओ | इस प्रश्न में विद्यार्थियों से मानव विकास रिपोर्ट को तैयार करने से संबंधित जानकारी का अपेक्षा की गई है। यदि विद्यार्थी A के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करता हैं तो उसे मानव विकास रिपोर्ट को तैयान करने वाली संस्था की सही |

| | | |
|---|---|---|
| | | संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 6. | नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)** भारत में वर्ष 1991 में उदारीकरण की प्रक्रिया को अपनाया।<br>**कारण (R)** 1991 के बाद भारत सरकार ने व्यापार अवरोधकों को बढ़ा दिया।<br>**विकल्प :**<br>A. अभिकथन (A)एवं कारण (R)दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A)एवं कारण (R)दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें व्यापार अवरोधकों की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें व्यापार अवरोधकों की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>C. यह सही विकल्प है।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें व्यापार अवरोधकों एवं उदारीकरण की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 7. | इनमें से कौन–सी एक फलीदार फसल का उदाहरण है?<br>A. ज्वार<br>B. मोटे अनाज<br>C. तिल<br>D. दाल | A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें ज्वार की फसल को फलीदार फसल समझ रहें हैं जबकि ज्वार एक मोटे अनाज की फसल है।<br>B. मोटे अनाज फलीदार फसल नहीं होती यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन करते हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें फलीदार फसल की संकल्पनात्मक जानकारी का अभाव है।<br>C. तिल फलीदाल फसल नहीं होती यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन करते हैं तो इसका अभिप्राय हैं कि उन्हें फलीदार फसल की संकल्पनात्मक जानकारी का अभाव है।<br>D. यह सही विकल्प है। |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A):** भारत में वन्यजीव अधिनियम 1972 में लागू किया गया था।<br>**कारण (R)** :वन्य जीवन एवं और वनों में तेज गति से हो रहे ह्रास के कारण वन्यजीवों का संरक्षण बहुत आवश्यक हो गया था।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | A. यह सही विकल्प है।<br>B. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें वन्यजीव अधिनियम 1972 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें वन्यजीव अधिनियम 1972 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें वन्यजीव अधिनियम 1972 के आरंभ होने के वर्ष की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 9. | निम्नलिखित जानकारी के आधार पर खनिज की पहचान कीजिए।<br>1. भारत में ऊर्जा का दूसरा प्रमुख संसाधन।<br>2. भारत में कुल उत्पादन 63 प्रतिशत मुंबई हाई से।<br>3. भारत में सबसे पुराना उत्पादक राज्य असम है।<br>4. ऊर्जा का अनवीकरणीय संसाधन<br><br>विकल्प<br>A. पेट्रोलियम<br>B. कोयला<br>C. पवन ऊर्जा<br>D. प्राकृतिक गैस | A. यह सही विकल्प है।<br>B. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें कोयले प्रमुख उत्पादक राज्यों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें ऊर्जा के नवीकरणीय व अनीवकरणीय स्रोतों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें ऊर्जा के नवीकरणीय व अनीवकरणीय स्रोतों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 10. | नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। | A.यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें 1848 – |

| | | |
|---|---|---|
| | **अभिकथन (A)**: 1848 – 1849 के मध्य आयरलैंड में आलू अकाल पड़ा।<br>**कारण (R):** आयरलैंड में आलू की खेती काफी कम होती थी।<br>**विकल्प :**<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | 1849 में आयरलैंड में होने वाली आलू की कृषि की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें 1848 – 1849 में आयरलैंड में होने वाली आलू की कृषि की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>C. यह सही विकल्प है।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें 1848 – 1849 में आयरलैंड में पड़े आलू अकाल की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 11. | निम्नलिखित में से किसने आदिवासी किसानों का नेतृत्व आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाडियों में किया?<br>A. बाबा रामचंद्र<br>B. अल्लूरी सीताराम राजू<br>C. अल्लू कृष्ण चंद्र देव<br>D. राजा राममोहन राय | A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि विद्यार्थी अवध एवं आंध्र प्रदेश में हुए आंदोलनों की संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यह सही विकल्प है।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि विद्यार्थी अल्लूरी सीताराम राजू एवं अल्लू कृष्ण चंद्र देव के मध्य अंतर नहीं कर पा रहें हैं।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि विद्यार्थी राजा राममोहन राय एवं अल्लूरी सीताराम राजू के कार्यों के मध्य अंतर नहीं कर पा रहे हैं। |
| 12. | जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने किस पत्रिका का संपादन किया?<br>A. बंगाल गजट<br>B. मद्रास गजट<br>C. बंबई गजट<br>D. केरल गजट | जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने बंगाल गजट नामक पत्रिका का संपादन किया था यदि विद्यार्थी A के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करते है तो इससे अभिप्राय हैं |

| | | |
|---|---|---|
| | | कि उन्हें पत्रिका के नाम के उसके संबंधित स्थल सही जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 13. | किसने कहा था कि " जब फ्रांस छींकता है तो पूरे यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है।"<br>A. मैटरनिख<br>B. ज्युसेपे मेत्सिनी<br>C. विक्टर इनेमुएल द्वितीय<br>D. कावूर | A. यह सही विकल्प है।<br>B. ज्यूसेपे मेत्सिनी इटली के क्रांतिकारी थे यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन करते हैं तो इससे अभिप्राय हैं कि उनमें फ्रांस एवं इटली के संबंधों की अवधाराणत्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>C. विक्टर इनेमुएल द्वितीय का संबंध इटली से था यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन करते हैं तो इससे अभिप्राय हैं कि उनमें फ्रांस एवं जर्मनी के संबंधों की अवधाराणत्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. कावूर का संबंध इटली से था यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन करते हैं तो इससे अभिप्राय हैं कि उनमें फ्रांस एवं इटली के संबंधों की अवधाराणत्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 14. | समाज द्वारा स्त्री – पुरूष को दी गई असमान भूमिका ..... ..................... कहलाती है।<br>A. जाति विभाजन<br>B. धार्मिक विभाजन<br>C. राजनीतिक विभाजन<br>D. लैंगिक विभाजन | इस प्रश्न में विद्यार्थियों से लैंगिक विभाजन जानकारी का अपेक्षा की गई है। यदि विद्यार्थी D के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करता हैं तो उसे समाज के व्यापत विभाजनों की सही संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 15. | लोकतंत्र के मूल्यांकन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन – सा लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है?<br>A. व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा<br>B. बहुसंख्यकों का शासन<br>C. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव<br>D. कानून के समक्ष समानता | इस प्रश्न में विद्यार्थियों से लोकतंत्र के मूल्यांकन जानकारी का अपेक्षा की गई है। यदि विद्यार्थी B के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करता हैं तो उसे लोकतंत्र के मूल्यांकन से संबंधित संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन संघवाद की भावना के प्रतिकूल है?<br>A. शक्तियों का स्पष्ट बंटवारा।<br>B. केन्द्र सरकार का राज्य सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करना।<br>C. सरकार का दो या दो से अधिक स्तरों पर विभाजित होना।<br>D. सत्ता का क्षैतिज वितरण। | A. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें संघवाद व शक्तियों के स्पष्ट बंटवारों के मध्य पारस्परिक संबंधों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>B. यह सही विकल्प है।<br>C. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें सरकार के विभिन्न स्तरों व संघवाद के मध्य पारस्परिक संबंधों जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।<br>D. यदि विद्यार्थी इस विकल्प का चयन कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि उन्हें संघवाद व सत्ता के क्षैतिज वितरण के पारस्परिक संबंधों की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 17. | नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A)** लोकतंत्र नागरिकों के मध्य समानता को बढ़ावा नहीं देता है।<br>**कारण (R)** लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं को सम्मान प्रदान करता है।<br>**विकल्प** :<br>A. अभिकथन (A)एवं कारण (R)दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A)एवं कारण (R)दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | लोकतंत्र नागरिकों के मध्य समानता को बढ़ावा देता है एवं सामाजिक विविधताओं को सम्मान प्रदान करता है यदि विद्यार्थी D के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन कर रहें तो उन्हें लोकतंत्र के परिणामों से संबंधित संकल्पनात्मक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 18. | भारत में संघ सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार किसके पास है?<br>A. राज्य सरकार<br>B. केन्द्र सरकार<br>C. स्थानीय सरकार<br>D. न्यायपालिका | भारत में संघ सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास हैं यदि विद्यार्थी B अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करते हैं तो उन्हें भारतीय संविधान में किए गए शक्तियों के |

| | | |
|---|---|---|
| | | बंटवारों के संदर्भ में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 19. | निम्नलिखित में से कौन – सा एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं?<br>A. बहुजन समाज पार्टी<br>B. समाजवादी पार्टी<br>C. राष्ट्रीय जनता दल<br>**D.** तेलुगु देशम पार्टी | बहुजन समाज पार्टी एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है यदि विद्यार्थी A अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करते हैं तो उन्हें राष्ट्रीय दल को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| 20. | निम्नलिखित में से कौन – सा कथन बेल्जियम के संदर्भ में सत्य <u>नहीं</u> है?<br>A. संविधान में यह प्रावधान किया गया कि केन्द्रीय सरकार में डच व फ्रेंच भाषी मंत्रियों की संख्या बराबर होगी।<br>B. ब्रुसेल्स में अलग सरकार होगी जिसमें दोनों समुदायों का समान प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा।<br>C. केन्द्रीय सरकार की बहुत सी शक्तियों को राज्य सरकार को स्थानांतरित किया गया।<br>D. एक कानून के द्वारा डच भाषा को बेल्जियम की एकमात्र राजभाषा घोषित किया गया। | इस प्रश्न में बेल्जियम में सत्ता की साझेदारी के संदर्भ में गलत कथन की पहचान करने की अपेक्षा की गई हैं। यदि विद्यार्थी व के अतिरिक्त किसी अन्य विकल्प का चयन करते हैं तो उन्हें सत्ता के विकेंद्रीकरण के बेल्जियम मॉडल की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। |
| **खंड-ख (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)** | | |
| 21. | (a) साख के औपचारिक क्षेत्रक के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए।<br><br>अथवा<br><br>(b) साख के अनौपचारिक क्षेत्रक के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए। | I. बैंक<br>II. सहकारी समितियाँ<br>III. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु<br><br>**अथवा**<br>I. साहूकार<br>II. मित्र<br>III. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| 22. | महात्मा गांधी ने खिलाफत आंदोलन का समर्थन क्यों किया? | I. हिन्दु मुसलमानों को एक दूसरे के नजदीक लाकर एक व्यापक जन आंदोलन चलाने के लिए तैयार करना।<br>II. अंग्रेजों की विभाजनकारी नीतियों को खत्म करने के लिए।<br>III. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु |

| | | |
|---|---|---|
| | | कोई दो बिन्दु |
| 23. | काली मृदा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | I. काली मृदा बहुत ही महीन कणों से बनी होती है।<br>II. नमीधारण करने की अधिक क्षमता<br>III. कैल्शियम कार्बोनेट,मैग्नीशियम, पोटाश और चुने जैसे पोष्टिक तत्वों से परिपूर्ण<br>IV. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| 24. | विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य सत्ता का विभाजन किस प्रकार किया जाता है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। | I. सत्ता का विभाजन विभिन्न सामाजिक समूहों जैसे – भाषायी और धार्मिक समूहों के मध्य हो सकता है।<br>II. बेल्जियम के सामुदायिक सरकार इस व्यवस्था एक अच्छा उदाहरण है।<br>III. कुछ देशों के सामाजिक रूप से कमजोर समुदाय एवं महिलाओं को विधायिका एवं प्रशासन में हिस्सेदारी दी जाती है।<br>IV. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| **खंड-ग (लघु उत्तरीय प्रश्न)** | | |
| 25. | (a) 'गरीब किसानों और कांग्रेस के बीच संबंध अनिश्चित बने रहे।' सविनय अवज्ञा आंदोलन के आलोक में कथन की परख कीजिए। | I. बहुत सारे गरीब किसान जमींदारों से पट्टे पर जमीन लेकर खेती कर रहे थे।<br>II. महामंदी के लंबे खीचनें के कारण उनकी आमदानी काफी कम हो गई एवं जमीन का किराया चुकाना भी मुश्किल हो गया।<br>III. वे केवल लगान की कमी नहीं बल्कि जमींदारों द्वारा लिए जाने वाले भाड़ों की पूर्ण माफी चाहते थे।<br>IV. दूसरी तरफ कांग्रेस अमीर किसानों एवं जमींदारों की नाराजगी के भय से भाड़ा |

| | | |
|---|---|---|
| | | विरोधी आंदोलनों को समर्थन देने से हिचकिचाती थी।<br>V. इस कारण गरीब किसानों और कांग्रेस के बीच संबंध अनिश्चित बने रहे।<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई तीन बिन्दु |
| | अथवा<br><br>(b) सत्याग्रह के संबंध में महात्मा गांधी के विचारों की परख कीजिए। | अथवा<br><br>I. सत्याग्रह के विचार में सत्य की शक्ति पर आग्रह और सत्या की खोज पर जोर।<br>II. उद्देश्य के सच्चे होने एवं अन्याय के खिलाफ संघर्ष स्थिति में उत्पीड़क से मुकाबला करने के लिए किसी शारीरिक बल की आवश्यकता नहीं।<br>III. प्रतिशोध की भावना तथा आक्रमता का सहारा लिए बिना सत्याग्रही केवल अहिंसा के बल पर अपने संघर्ष में सफल हो सकता है।<br>IV. इसका सफल प्रयोग गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका की नस्लभेदी सरकार के खिलाफ किया।<br>V. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VI. कोई तीन बिन्दु |
| 26. | कई स्थानों में जल दुर्लभता के कारणों की व्याख्या कीजिए। | I. जनसंख्या वृद्धि<br>II. तीव्र औद्योगिकीकरण<br>III. जल संरक्षण के उपायों में कमी<br>IV. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई तीन बिन्दु |
| 27. | 'स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय नेताओं द्वारा अपनायी गए भाषा नीति संघवाद की नीति के अनुरूप थी।' कथन की पुष्टि कीजिए। | I. संविधान में किसी एक भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं।<br>II. अन्य भारतीय भाषाओं के संरक्षण के अनेक उपाय।<br>III. केन्द्र सरकार के किसी पद का उम्मीदवार अनुसूचित भाषा की |

| | | |
|---|---|---|
| | | कुल 22 भाषाओं में से किसी में भी परीक्षा दे सकता है।<br>IV. राज्यों की अपनी राजभाषाएं है।<br>V. सरकारी या कामकाज की भाषा में अंग्रेजी के प्रयोग की छूट गैर हिंदी भाषी राज्यों की मांग पर।<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई तीन बिन्दु |
| 28. | लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका का वर्णन कीजिए। | I. अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में चुनाव राजनीतिक दलों द्वारा खड़े उम्मीदवारों के मध्य लड़ा जाता है।<br>II. अलग – अलग नीतियों को मतदाताओं के सामने रखते है और सरकार प्रायः शासक दल की राय के अनुरूप अपनी नीतियां तय करते है।<br>III. जनमत निर्माण में दल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।<br>IV. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई तीन बिन्दु |
| 29. | प्राथमिक क्षेत्रक से संबंधित किन्हीं तीन गतिविधियों को सूचीबद्ध कीजिए। | I. कृषि<br>II. खनन<br>III. मत्सय<br>IV. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई तीन बिन्दु |
| | **खंड-घ (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** | |
| 30. | (a) नए पाठकों को लुभाने के लिए मुद्रकों ने क्या नए प्रयोग किए? किन्हीं पाँच प्रयोगों का विश्लेषण कीजिए। | I. बाल पुस्तकें छापने के लिए प्रेस की स्थापना।<br>II. परिकथाओं एवं लोककथाओं का प्रकाशन।<br>III. पैनी मैगजीन या एकपैसिया पत्रिकाओं का प्रकाशन।<br>IV. किराए पर पुस्तके उपलब्ध करवाना।<br>V. महिला उपन्यास का प्रकाशन। |

| | | |
|---|---|---|
| | | VI. सस्ते पेपरबैक अजिल्द संस्करण की छपाई।<br>VII. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>कोई पाँच बिन्दु |
| | अथवा<br><br>(b) उन्नीसवी सदी के आखिर में प्राथमिक शिक्षा के अनिवार्य होने से प्रकाशन उद्योग पर क्या प्रभाव पड़ा? किन्हीं पाँच प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। | अथवा<br><br>I. बच्चे पाठकों की एक अहम श्रेणी बन गए।<br>II. प्रकाशन उद्योग के लिए पाठय – पुस्तकों का उत्पादन महत्वपूर्ण हो गया।<br>III. महिला पाठकों की संख्या में वृद्धि के कारण खास उनके लिए पुस्तकों का मुद्रण आरंभ किया गया।<br>IV. गृहस्थी एवं सामाजिक चाल चलन सिखाने वाली निदेर्शिकाओं का प्रकाशन शुरू हुआ।<br>V. कई महिला लेखिकाओं जैसे जेन –आस्टिन, जार्ज इलियट आदि ने नारी को एक नए रूप में प्रस्तुत किय जिनका व्यक्तित्व सुदृढ़ था एवं उनमें गहरी सुझ बुझ थी।<br>VI. मजदूर वर्ग में शिक्षा के प्रसार ने उन्हें अपने जीवन को व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने बडी संख्या में राजनीतिक पर्चें एवं आत्मकथाएं लिखी।<br>VII. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VIII. कोई पाँच बिन्दु |
| 31. | (a) प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | I. कर्तन दहन प्रणाली में किसान जमीन के टुकड़े को साफ कर उनपर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए खाद्य फसलें उगाते है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | II. जब मृदा की उर्वरता कम हो जाती है तो किसान दूसरे टुकड़े पर स्थानांतरित हो जाते हैं।<br>III. इस प्रकार के स्थानांतरण से प्राकृतिक क्रियाओं द्वारा मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ जाती है।<br>IV. उर्वरक एवं अन्य आधुनिक तकनीक का प्रयोग नहीं होता है।<br>V. कृषि की उत्पादकता कम होती है।<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई पाँच बिन्दु |
| | अथवा<br>(b) रोपण कृषि की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | अथवा<br>I. रोपण कृषि एक प्रकार की वाणिज्यिक कृषि है।<br>II. लंबे – चौडे क्षेत्र में एकल फसल बोई जाती है।<br>III. अत्यधिक पूंजी की आवश्यकता<br>IV. अत्याधिक श्रमसाध्य<br>V. सारा उत्पाद कच्चे माल के रूप मं उपयोग<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई पाँच बिन्दु |
| 32. | (a) 'कृषि क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों में अल्पबेरोज़गारी की समस्या विद्यमान है।' उपयुक्त तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए। | I. अल्प बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है जहाँ आवश्यकता से अधिक लोग कार्यरत है एवं कुछ लोगों को उस कार्य से हटा देने के बाद भी उत्पादन पर कोई फर्क नहीं पड़ता।<br>II. अगर हम क्षेत्रकों के रोजगारी की स्थिति एवं उनके योगदान को देखते हैं तो पाते हैं कि विगत 40 वर्षों में लगभग 50 प्रतिशत लोग प्राथमिक क्षेत्र में कार्यरत है और उसमें बड़ा भाग कृषि का है। |


| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | III. जबकि सकल घरेलू उत्पाद में प्राथमिक क्षेत्रक का योगदान लगभग एक चौथाई भाग ही है।<br>IV. जबकि द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र मे कार्यरत श्रमिकों की संख्या इतनी ही है परंतु सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान 4/5 भाग है। इसका अर्थ यह है कि कृषि में श्रमिक अपनी क्षमता से कम उत्पाद कर रहे हैं।<br>V. यह अल्प बेरोजगारी की स्थिति हैं क्योंकि व्यक्ति रोजगार में दिख तो रहा हैं परंतु उसके होने या न होने से उत्पादन पर कोई फर्क नहीं पड़ता है अर्थात सभी अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं।<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई पाँच बिन्दु<br><br>अथवा<br><br>I. तृतीयक क्षेत्रक में स्वतः वस्तुओं का उत्पादन नहीं होता है।<br>II. यह प्राथमिक अथवा द्वितीयक क्षेत्रकों के उत्पादन में सहयोग करती है।<br>III. उदाहरण के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक द्वारा उत्पादित वस्तुओं को थोक एवं खुदरा विक्रेताओं बेचने के लिए ट्रकों एवं ट्रेनों द्वारा परिवहन की आवश्यकताएं होती हैं।<br>IV. कभी – कभी वस्तुओं को गोदामों में भंडारित करने की आवश्यकता होती है।<br>V. व्यापार में सहुलियत के लिए टेलिफोन पर दूसरों से वार्तालाप करने की संवाद करने की आवश्यकता होती है। |
| | अथवा<br><br>(b) 'तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है।' उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए। | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | VI. कई बार पूंजी की आवश्यकता बैंक पूरी करता है।<br>VII. चूंकि यह गतिविधियाँ वस्तुओं के बजाए सेवाओं का सृजन करती है इसलिए तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहते है।<br>VIII. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>IX. कोई पाँच बिन्दु |
| 33. | (a) सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु कोई पाँच उपाय सुझाइए।<br><br>अथवा<br><br>(b) 'भारत में धर्मनिरपेक्षता के सिद्दांत को संविधान द्वारा आत्मसात किया गया है।' उदाहरण सहित कथन की व्याख्या कीजिए। | I. निशुल्क शिक्षा का सार्वभौमिकरण<br>II. साक्षरता दर में वृद्धि<br>III. रोजगार के अवसरों की उपलब्धता<br>IV. विधायिका में आनुपातिक रूप से सीटों का आरक्षण<br>V. समान मजदूरी अधिनियम जैसे कानूनों का सख्ती से पालन<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई पाँच बिन्दु<br><br>अथवा<br><br>I. किसी भी धर्म को भारत के राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया गया है।<br>II. सभी नागरिकों को किसी भी धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।<br>III. सभी नागरिकों को अपने धर्म के प्रचार – प्रसार की स्वतंत्रता।<br>IV. धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव का निषेध।<br>V. धार्मिक समुदायों में समानता सुनिश्चित करने के लिए शासन को धार्मिक मामले में दखल देने का अधिकार देता है।<br>VI. कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु<br>VII. कोई पाँच बिन्दु |

| खंड-ङ (केस- आधारित प्रश्न) | | |
|---|---|---|
| 34. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>1815 में नेपोलियन की हार के बाद यूरोपीय सरकारें रूढ़िवाद की भावना से प्रेरित थीं। रूढ़िवादी मानते थे कि राज्य और समाज की स्थापित पारंपरिक संस्थाएँ; जैसे-राजतंत्र, चर्च, सामाजिक ऊँच-नीच, संपत्ति और परिवार को बनाए रखना चाहिए। फिर भी अधिकतर रूढ़िवादी लोग क्रांति से पहले के दौर में वापसी नहीं चाहते थे। नेपोलियन द्वारा शुरू किए गए परिवर्तनों से उन्होंने यह जान लिया था कि आधुनिकीकरण, राजतंत्र जैसी पारंपरिक संस्थाओं को मज़बूत बनाने में सक्षम था। वह राज्य की ताक़त को ज़्यादा कारगर और मज़बूत बना सकता था। एक आधुनिक सेना, कुशल नौकरशाही, गतिशील अर्थव्यवस्था, सामंतवाद और भूदासत्व की समाप्ति-यूरोप के निरंकुश राजतंत्रों को शक्ति प्रदान कर सकते थे।<br><br>**प्रश्न**<br>(34.1) यूरोपीय शक्तियों ने किस युद्ध में नेपोलियन को पराजित किया था?<br>(34.2) रूढ़ीवादियों की क्या मान्यताएँ थीं?<br>(34.3) 'आधुनिकीकरण, राजतंत्र जैसी पारंपरिक संस्थाओं को मजबूत बनाने में सक्षम था।' कथन का विश्लेषण कीजिए। | 34.1 वाटरलू का युद्ध<br>34.2 राज्य और समाज की स्थापित पारंपरिक संस्थाएं जैसे राजतंत्र, चर्च सामाजिक ऊँच – नीच आदि को बनाए रखना चाहिए।<br>34.3<br>आधुनिकीकरण राज्य की ताकत को ज्यादा कारगर और मजबूत बना सकता था।<br>एक आधुनिक सेना, कुश्ल नौकरशाही, गतिशील अर्थव्यवस्था, सामंतवाद, किसी भी तंत्र को शक्ति प्रदान कर सकते थे।<br>कोई अन्य बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| 35. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br><br>यद्यपि अनेक अयस्कों में एल्यूमिनियम पाया जाता है परंतु सबसे अधिक एल्यूमिना क्ले जैसे दिखने वाले पदार्थ बॉक्साइट से ही प्राप्त किया जाता है। बॉक्साइट निक्षेपों की रचना एल्यूमिनियम सीलिकेटों से समृद्ध व्यापक भिन्नता वाली चट्टानों के विघटन से होती है। एल्यूमिनियम एक महत्त्वपूर्ण धातु है क्योंकि यह लोहे जैसी शक्ति के साथ-साथ अत्यधिक हल्का एवं सुचालक भी होता है। इसमें अत्यधिक घातवर्ध्यता भी पाई जाती है। भारत में बॉक्साइट के निक्षेप मुख्यतः अमरकंटक पठार, मैकाल पहाड़ियों तथा बिलासपुर-कटनी के पठारी प्रदेश में पाए जाते हैं।<br>**प्रश्न**<br>(35.1) एल्युमीनियम के अयस्क का नाम बताइये।<br>(35.2) भारत के किस क्षेत्र में एल्यूमीनियम अयस्क का प्रचुर भंडार है?<br>(35.3) एल्युमीनियम के दो उपयोग बताइये। | 35.1 बॉक्साइट<br>35.2 अमरकंटक पठार / मैकाल पहाड़िया / बिलासपुर– कटनी के पठारी प्रदेश (कोई एक बिन्दु)<br>35.3<br>अत्यधिक हल्का परंतु मजबूत<br>विद्युत का सुचालक<br>कोई अन्य बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| 36. | **दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>हमने देखा है कि मुद्रा ऐसी चीज़ है जो लेन-देन में विनिमय का माध्यम बन सकती है। सिक्कों के चलन से पहले तरह-तरह की चीज़ें मुद्रा के रूप में इस्तेमाल की जाती थीं। उदाहरण के लिए, बहुत प्रारंभिक काल से ही भारतीय अनाज और पशु का मुद्रा के रूप में इस्तेमाल करते थे। इसके बाद सोना, चाँदी और ताँबे जैसी धतुओं के सिक्कों का चलन हुआ, जिसका चलन पिछली सदी तक रहा। मुद्रा के आधुनिक रूपों में करेंसी-कागज के नोट और सिक्के शामिल हैं। वे चीजें जो पहले मुद्रा के रूप में प्रयोग की जाती थीं, उसके विपरीत आधुनिक मुद्रा बहुमूल्य धातुओं जैसे | |

| | | |
|---|---|---|
| | सोना-चाँदी और ताँबे के बने सिक्कों से नहीं बनी है। अनाज और पशुओं की तरह वे रोजमर्रा की चीज़ें भी नहीं है। आधुनिक मुद्रा का इस प्रकार का अपना कोई इस्तेमाल नहीं है। फिर, इसे विनिमय का माध्यम क्यों स्वीकार किया जाता है? इसे विनिमय का माध्यम इसलिए स्वीकार किया जाता है, क्योंकि किसी देश की सरकार इसे प्राधिकृत करती है।<br><br>**प्रश्न**<br>(36.1) आरंभिक काल में विनिमय के किसी एक माध्यम का नाम लिखिए।<br>(36.2) भारत में मुद्रा कौन जारी करता है?<br>(36.3) आधुनिक मुद्रा न ही बहुमूल्य धातुओं से बनी हैं और न ही रोज़मर्रा के इस्तेमाल की चीज़ हैं फिर इसका इस्तेमाल विमय के माध्यम के रूप में क्यों किया जाता है? | 36.1 अनाज / पशु<br>36.2 भारतीय रिजर्व बैंक<br>36.3<br>यह आवश्यकता के दोहरे संयोग की अनिवार्यता को समाप्त करता है।<br>यह देश की सरकार द्वारा प्राधिकृत होती है।<br>कोई अन्य बिन्दु<br>कोई दो बिन्दु |
| 37. | | |

प्रश्न संख्या 37 के लिए For Question No. 37



**नोटः केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान**

| | | |
|---|---|---|
| **इतिहास** | | **2x1=2** |
| (37.1) | नागपुर | 1 |
| (37.2) | दांडी | 1 |
| **भूगोल ( किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए )** | | **3x1=3** |
| (37.3) | महाराष्ट्र | 1 |
| (37.4) | कर्नाटक | 1 |
| (37.5) | तमिलनाडू | 1 |
| (37.6) | केरल | 1 ] |